संख्या–cm-434
21/08/2023

# मुख्यमंत्री–सह–कुलाधिपति बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में हुयी बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के सीनेट की प्रथम बैठक

**पटना, 21 अगस्त 2023 :–** मुख्यमंत्री–सह–कुलाधिपति बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के सीनेट की प्रथम बैठक हुई।

बैठक में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री विमलेश कुमार झा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने 01 जुलाई, 2022 को बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना कराई है ताकि राज्य में मेडिकल की पढ़ाई और बेहतर तरीके से हो सके। उन्होंने कहा कि बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से जुड़े अधिकारी मेडिकल कॉलेजों का निरीक्षण करते रहें। वहां अच्छे ढंग से पढ़ाई और चिकित्सा कार्य की सुविधा बनी रहे, इसका ध्यान रखें। हमलोगों ने राज्य में कई मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों की स्थापना कराई है जिससे छात्रों को चिकित्सा की पढ़ाई के साथ–साथ राज्य के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलती रहे। उन्होंने कहा कि बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नये भवन का निर्माण जल्द शुरू कराएं। इस भवन को काफी बेहतर ढंग से बनाएं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री श्री चंद्रशेखर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री के0के0 पाठक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, स्वास्थ्य सह पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 एस0एन0 सिन्हा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

******